an>

Title: Need to set-up a mega food park and a research centre in Pratapgarh Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

कुँवर हरिवंश सिंह (प्रतापगढ़) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि मेरा संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश के पिछड़े जिलों में से एक है। लेकिन आंवला, जामुन, बेल और आम उत्पादक के रूप में यह अग्रणी रहा है। वर्तमान में किसानों को हजारों टन उत्पादन के बावजूद बाजार में लागत मूल्य भी प्राप्त नहीं हो पा रहा है। किसान पेड़ों के पातन को मजबूर हैं। ...(व्यवधान) क्या इनके संरक्षण, उत्पादन बढ़ाने तथा प्रसंस्करण उत्पादन तैयार करने के लिए सरकार द्वारा कोई नीति तैयार की जा रही है? क्यों न वहां इन फलों के प्रसंस्करण हेतु एक मेगॉ फूड पार्क एवं अनुसंधान केन्द्र की स्थापना की जाए? ...(व्यवधान) इससे न केवल इन फलों के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि इनकी गुणवत्ता में भी सुधार होगा तथा इनसे बनी प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुएं देश के दूसरे राज्यों एवं विदेशों में भी निर्यात की जा सकेंगी क्योंकि ये पौधे एवं फल औषधि गुणों के लिए प्रसिद्ध हैं और इससे बागवानी कटवाने को किसान भी मजबूर नहीं होंगे। मेरा सरकार से आग्रह है कि संबंधित विभागों के माध्यम से किसानों के हित में मेगॉ फूड पार्क, अनुसंधान केन्द्र एवं भंडारण हेतु विशेष पैकेज सुनिश्चित कराएं। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं

श्री केशव प्रसाद मौर्य को श्री हरिवंश सिंह द्वारा उठाये गये विषय के साथ एसोशिएट करने की अनुमति प्रदान की जाती है।